भारत सरकार, गृह मन्त्रालय
Government of India, Ministry of Home Affairs
निदेशालय जनगणना कार्य, हिमाचल प्रदेश
Directorate of Census Operations, Himachal Pradesh
दूरभाष/Tele.: 0177-2651 419, 2651 482
टैलीफैक्स/Telefax : 0177-2651 419
तार/Telegram : हिम-जनगणना/Him-Census
ई-मेल/E-mail : dco-him.rgi@censusindia.gov.in
सी.जी.ओ. कम्पलैक्स, हिमाद्रि खण्ड, लौगवुड, शिमला-171 001
C.G.O. Complex, Himadri Block, Longwood, Shimla-171 001

डी.सी.ओ.एच.पी.23/2015

दिनांक : 17 SEP 2015

निविदा आमंत्रण पत्र

सेवा में,

Web. Cell
Office OR&I
3/A Mansingh Road New Delhi-110011

विषय :- जनगणना कार्य निदेशालय हिमाचल प्रदेश, शिमला द्वारा विभागीय गृह पत्रिका **"हिम जन ज्योति"** के मुद्रण की दर हेतु निविदा आमंत्रण।

महोदय,

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला, द्वारा विभागीय गृह पत्रिका **"हिम जन ज्योति"** के मुद्रण की दर हेतु मुहर बन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

निविदा की निबंधन एवं शर्तें इस प्रकार हैं :

1. निविदाऐं , उप-निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाद्री खण्ड, सी.जी.ओ .कॉम्पलैक्स, लौंगवुड शिमला -1 के नाम दिनांक 06/10/2015 को 1:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में पहुँच जानी चाहिए। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त होने वाली निविदा तथा फैक्स /ई-मेल से प्राप्त हुई निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निदेशालय किसी भी कारणवश निविदा (Bid) के अप्राप्त या देरी से प्राप्त होने पर जिम्मेवार नहीं होगा।
2. निविदाऐं, उसी दिन, दिनांक 06/10/2015 को 1:30 बजे इस कार्यालय की गठित कमेटी द्वारा खोली जाऐगीं।
3. निविदा आमंत्रण पत्र में दी गई शर्तों को ठीक से अध्ययन करने के उपरांत संतुष्ट होने पर ही कोटेशन इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।
4. निविदाऐं,गठित कमेटी द्वारा खोलने के दौरान जिस फर्म की राशि न्यूनतम होगी उसी को सफल निविदाकार माना जाएगा। अत:रेट एकमुश्त भारतीय मुद्रा मे ही कोट करें। उधृत दर सभी कर /वैट इत्यादि सहित होनी चाहिए।
5. सभी द्वारा निविदाऐं संलग्न निर्धारित प्रोफॉर्मा में प्रस्तुत करनी होगी।
6. उप-निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश किसी भी निविदा को या सभी निविदाओं को कोई भी कारण बताए बिना स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास आरक्षित रखते हैं।
7. निविदा दरों के अलावा किसी भी अन्य तरह के खर्चे अथवा करों इत्यादि का भुगतान इस कार्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा। सूचना /स्पष्टीकरण यदि कोई हो तो वह श्री आशीष चौहान, सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाद्री खण्ड, सी.जी.ओ .कॉम्पलैक्स, लौंगवुड शिमला -1, से व्यक्तिगत रुप से या दूरभाष (0177- 2651419) पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकतें है।
8. अनुबन्ध हेतु कार्यालय द्वारा तैयार किए गए प्रोफॉर्मा में अनुबन्धित फर्म को हस्ताक्षर करने होगें।
9. केवल रजिस्टर्ड फर्म की निविदा ही स्वीकार की जायेगी। निविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र भी इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।
10. पिछले दो वर्षो के Income tax Clearance Certificate की प्रति भी निविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र के साथ संलग्न भेंजे।
11. कार्य को सफलतापूर्वक सम्पूर्ण करने के उपरांत भुगतान चेक के माध्यम से किया जायेगा।
12. यह निविदा, स्थानांतरणीय नहीं है अत: अनुबन्ध होने के उपरांत किसी अन्य फर्म को निविदा/अनुबंधित कार्य स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है।
13. कार्यालय किये गये अनुबंध को बिना कोई कारण बताये सात दिन (7 दिन) पहले पूर्व सूचना देकर समाप्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।
14. कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान/विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उप निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय शिमला का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
15. किसी भी विवाद या भिन्नता के मामले में शिमला क्षेत्राधिकार होगा।

16. :निविदा के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों को इस कार्यालय को प्रस्तुत करें:-

(i) पिछले दो वर्षो के इनकम टैक्स रिटर्नस की प्रतियां।
(ii) फर्म का रजिस्ट्रेशन सम्बंधित प्रमाण पत्र की प्रति ।
(iii) पैन न. की प्रति।

भवदीय,

(जसपाल सिंह)
उपनिदेशक,
जनगणना कार्य निदेशालय,
भारत सरकार, गृह मंत्रालय,
सी.जी.ओ .काम्पलेक्स, हिमाद्री खण्ड,लौंगवुड,
शिमला, हिमाचल प्रदेश-171001

प्रतिलिपि .1 :WEB.Cell, ORGI, New Delhi को इस आशय से ORGI Web Site में upload करवाने की कृपा करें|

(जसपाल सिंह) 16/9/15
उपनिदेशक,
जनगणना कार्य निदेशालय,
भारत सरकार, गृह मंत्रालय,
सी.जी.ओ .काम्पलेक्स, हिमाद्री खण्ड,लौंगवुड,
शिमला, हिमाचल प्रदेश - 171001

अनुलग्नक-क

निविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र

प्रेषक:

.....

.....

उपनिदेशक,
जनगणना कार्य निदेशालय,
भारत सरकार, गृह मंत्रालय,
सी.जी.ओ .काम्पलैक्स, हिमाद्री खण्ड, लौंगवुड,
शिमला, हिमाचल प्रदेश 171001-

महोदय,

उपनिदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला के पत्र संख्या डी.सी.ओ.एच.पी.23/2015 दिनांक 16/09/2015 के प्रति निर्देश से, मैं उपनिदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला को, जो भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य कर रहें हैं विभागीय गृह पत्रिका **"हिम जन ज्योति"** के मुद्रण हेतु निम्नलिखित दर कोट करता हूं :

1. पुस्तक की छपाई की दर (प्रति पुस्तक):-

क्रम संख्या	पुस्तक	पृष्ठों की संख्या	दर (Rs. में)
1.	विभागीय गृह पत्रिका **"हिम जन ज्योति"**		

2. पुस्तक की छपाई हेतु किये जाने वाले कार्य की अलग अगल दर कोट करता हूं:-

क्रम संख्या	कार्य क्षेत्र	दर (Rs. में)
1.	प्रति पेज सैटिंग की दर	
2	प्रति प्लेट मेकिंग की दर	
3.	प्रति प्लेट छपाई की दर	
4.	टैक्स्ट में लगने वाले कागज की मात्रा साईज व ग्रामेज सहित व दर	
5.	कवर में लगने वाले आर्ट पेपर की मात्रा साईज व ग्रामेज सहित व दर	
6.	प्रति पुस्तक बाईडिंग की दर	
7.	प्रति पुस्तक कवर लेमिनेसन की दर	
8.	निदेशालय तक पहूचाने पर होने वाले खर्चे की दर	

नोट: दरें सभी करों/ वैट इत्यादि से सम्मिलित होनी चाहिए।

मैनें निविदाकारों के लिए अनुदेशों और संविदा की साधारण शर्तो को तथा उस पत्र में जिसके प्रत्युत्तर में यह निविदा प्रस्तुत की जा रही है उल्लिखित निबंधनों और शर्तो को भी ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लिया है और में उपयुक्त दस्तावेजों में अंतर्विष्ट उपबन्धों से आबध्द होने के लिए सहमत हूँ।

दिनांक .....

निविदाकार के नाम .....

स्थान .....

निविदाकार के हस्ताक्षर.....